Directorate of Elementary Education / मौलिकशिक्षा निदेशालय

GOVERNMENT OF HARYANA/हरियाणा सरकार

Directorate Elementary Education
मौलिक शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

E-mail: eduprimaryhry@gmail.com - Site: www.harprathmik.gov.in

Most Urgent/Email-

सेवा में,

राज्य के सभी,
जिला शिक्षा अधिकारी।
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ।
खण्ड शिक्षा अधिकारी/खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी।

यादी कमांक– 33/2–2021 पी0एस0 (ई0–1)
दिनांक पंचकूला :–21.12.2021

विषयः– नियम 134–ए के तहत प्रथम चरण के ऑनलाईन स्कूल अलॉटमैंट तथा दाखिले के संम्बन्ध में।

उपरोक्त विषय पर के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में नियम 134–ए के संदर्भ में दिनांक 16.12.2021 को प्रथम चरण के ऑनलाईन स्कूल अलॉटमैंट की गई थी जिसमें 41,860 बच्चों का आबंटन हुआ, परंतु आज दिनांक 21.12.2021 को केवल 272 छात्रों का दाखिला ही स्कूलों में हुआ है जो कि बहुत कम है। नियम 134–ए के तहत दाखिले की आखिरी तारीख 24.12.2021 है। 134–ए के तहत दाखिले मामले में अभिभावक जानकारी के अभाव में सीधे तौर पर शिकायत हेतु निदेशालय में आ रहे हैं जो कि उचित नहीं है।

नियम 134–ए के तहत मान्यता प्राप्त प्राईवेट स्कूलों में दाखिले देने हेतु निम्नलिखित निर्देश हैंः–

1. निदेशालय के यादी कमांक 7/27–2021 पी0एस0(ई0–1), दिनांक 03.11.2021 के तहत राज्य के सभी DEO/DEEO को CWP No.22164 of 2021 titled as Haryana Progressive School Conference and others Vs. State of Haryana and others. मामले में स्पष्टीकरण दिया गया था कि नियम 134–ए के तहत वर्ष 2021–22 के दाखिलों पर स्टे न माना जाए तथा दाखिले हेतु निदेशालय द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन किया जाए।
2. नियम 134–ए के अंतर्गत दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को अगले वर्ष किसी स्क्रीनिंग प्रकिया अथवा टैस्ट में शामिल नहीं होना पड़ेगा। यह दाखिला स्कूल की उच्चतम कक्षा तक के लिए मान्य होगा।
3. नियम 134–ए के तहत दूसरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थी किसी भी प्रकार की अन्य फीस जैसे Capitation Fee, Development Fee, Maintenance Fee तथा Annual Fee देने के लिए बाध्य नहीं है।
4. विद्यार्थी केवल National Curiculam Frame Work के अनुसार परिभाषित विषयों तथा NCERT द्वारा अनुमोदित पुस्तकें (CBSE विद्यालयों के मामलों में) खरीदने के लिए जिम्मेदार हैं अन्य पुस्तकों की खरीद का दबाव उस पर नहीं बनाया जाएगा।

GOVERNMENT OF HARYANA/हरियाणा सरकार

Directorate Elementary Education
मौलिक शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
School Education, Haryana
विद्यालय शिक्षा, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

E-mail: eduprimaryhry@gmail.com - Site: www.harprathmik.gov.in

5. निदेशालय के यादी कमांक 33/2-2021 पी0एस0(ई0-1), दिनांक 15.12.2021 के के तहत राज्य के सभी BEO/BEEO, DEO/DEEO को यह निर्देश दिया गये थे कि प्रत्येक खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने खण्ड के लिए नोडल अधिकारी होंगे तथा 134-ए की सभी शिकायतें सुनने, उनके प्रस्ताव DEO/DEEO को भेजने तथा दाखिला प्रकिया को तीव्रता प्रदान करने के जिम्मेदार होंगे।
6. नियम 134-ए के तहत जिन बच्चों को दाखिलों में दिक्कतें आ रही हैं उन्हें तुरन्त BEO/BEEO कार्यालय बुलाया जाए तथा दाखिले सम्बन्धित सभी समस्याओं का निपटान किया जाए। प्रत्येक इच्छुक विद्यार्थी के दाखिले सुनिश्चित करना सम्बन्धित BEO/BEEO का दायित्व है।
7. निदेशालय के यादी कमांक 33/2-2021 पी0एस0(ई0-1), दिनांक 15.12.2021 के के तहत राज्य के सभी BEO/BEEO, DEO/DEEO को जिले व स्कूलों की पोर्टल पर लॉगइन की प्रकिया बारे जानकारी दी गई थी। इसी मामले में BEO/BEEO, DEO/DEEO को निर्देश हैं कि पोर्टल पर लॉगइन करके आबंटित बच्चों की जानकारी की प्रक्रिया स्कूलों को बताते हुए छात्रों के दाखिले सुचारू रूप से करने में सहायता करें।

इस मामले में आपसे आग्रह किया जाता है कि अपने जिल/खण्ड के अधीन सभी स्कूलों से मिलकर अनुपालना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यदि स्कूलों द्वारा विभाग से जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है तो इस सम्बन्ध में निदेशालय को अवगत कराएँ।

उ0कि0 21/12/2021

अधीक्षक पी0एस0(ई0)
कृते: निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा
पंचकूला।

पृष्ठांकन कमांक सम- दिनांक- 21-12-2021

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है:-
1. पी0ए0, संयुक्त निदेशक, प्रशासन मौलिक शिक्षा निदेशालय।
2. सहायक निदेशक, प्राईवेट स्कूल (मौलिक)।
3. अधीक्षक, प्राईवेट स्कूल शाखा(डी0एस0ई0)।

-ह0-

अधीक्षक पी0एस0 (ई0)
कृते: निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा
पंचकूला।

Office: Plot No. 1B, Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560189 Fax: 91(0172)-2560188
कार्यालयः प्लाट न0 1बी, शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला-134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560189 फैक्सः 91 (0172) 2560188